प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मेरठ में कृषि तकनीक नवाचार केन्द्र का किया उद्‌घाटन : कहा– कृषि में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के उपयोग से किसानों की आय होगी दोगुनी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या से पौधरोपण महाभियान–2025 का करेंगे शुभारंभ : प्रदेशभर में एक दिन में 37 करोड़ पौधे लगाने का रखा गया लक्ष्य।
3. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज गौतमबुद्धनगर में कहा– वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों के उत्पादन के साथ ही ग्रीन हाईवे बनाने के लिये काम कर रहा है विभाग।

और

4. मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने आज मेरठ में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को परखा : यात्रा मार्ग, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को लेकर दिये जरूरी दिशा निर्देश।

———————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज मेरठ में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के संयुक्त तत्वाधान में नवनिर्मित कृषि तकनीकी नवाचार कंद्र का उदघाटन किया। इस मौके

पर श्री प्रधान ने ऐलान किया कि इनोवेशन सेंटर के साथ ही जल्द ही एक कौशल विकास केंद्र की स्थापना भी की जाएगी। इससे किसानों के लिए शोध को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय शिक्षामंत्री ने कहा कि डिजिटल तकनीक और एआई से जुड़ने से किसानों की आय दोगुनी होगी और उन्हें उपज का उचित मूल्य मिलेगा। बाइट.....

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धता है। भारत के किसानों को डिजिटल टेक्नोलॉजी में जोड़ना, एआई जैसे आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ना। इसलिए बीते साल बजट में उन्होंने शिक्षा विभाग को दायित्व दिया था। कृषि में एआई का प्रयोजन के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोला जाए। रोपर आई आई टी ने इस प्रकार के एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ए आई को यूज़ करने के लिए खोला है जिसके माध्यम ऐसी पहली बार भारत में सबसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एआई को उसमें से यूज करके किसानों की एम्पॉवरमेंट किया जायेगा।*

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि कृषि तकनीकी नवाचार केंद्र के माध्यम से युवा पीढ़ी कृषि की नई तकनीक को खेतों तक पहुंचाने में सक्षम होगी। बाइट.....

*स्वाभाविक है की यहाँ जो छात्र पढ़ रहे हैं जो बीएससी कर रहे हैं एग्रीकल्चर में आगे वो किसानों के बीच रहेंगे। ये उनके लिए जरूरी है कि वो पहले इस तकनीक को समझे नई टेक्नोलॉजी जो आ रही है बेहतर रूप से समझे और उसे अपनाए। तो अगर हम चाहते हैं कि किसान इसको एप्लाई करे। ये चीज़ जो हम लैब में बनाते हैं आविष्कार होते है नए वो खेत तक ले जाए तो उसकी नींव रखी जा रही है की पहले आप नौजवानों को प्रशिक्षित करेंगे।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों के सापेक्ष प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक की स्थिति की भी रिपोर्ट ली। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सतत विकास लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर मिशन मोड में लागू किया जाए। ग्राम पंचायतों तक हर योजना की जानकारी पहुंचे, और यह सुनिश्चित किया जाए कि अंतिम लाभार्थी तक उसका प्रभाव समय पर पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति हरविभाग, हर ज़िले और हर पंचायत का साझा दायित्व है। वहीं महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक से जुड़ी बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या में पौधरोपण महाभियान–2025 का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान श्री योगी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस महाभियान के अंतगत एक ही दिन में पूरे प्रदेश में 37 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*पौधरोपण महाभियान के तहत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बाराबंकी में पौधा लगाएंगी, जबकि मुख्य़मंत्री अयोध्या के साथ ही आज़मगढ़ में भी पौधा लगाएंगे। वहीं सभी 75 जनपदों में प्रदेश सरकार के मंत्री पौधरोपण करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक लखनऊ में पौधरोपण*

*कर इस महाअभियान का हिस्सा बनेंगे। इस अभियान में 26 विभागों के साथ ही 25 करोड़ नागरिकों की भी सहभागिता रहेगी। इस पौधरोपण महाअभियान का उद्देश्य केवल रिकार्ड संख्या में पौध रोपण करना ही नहीं, बल्कि इन पौधों का संरक्षण कर प्रदेश के ग्रीन कवर को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी रोपित पौधों और रोपण स्थल की जियो टैगिंग की जा रही है। जिससे पौधरोपण के बाद भी इन पौधों की वन विभाग व अन्य संस्थाओं की मदद से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

—————————

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज गौतमबुद्धनगर के फरीदाबाद–नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए सभी को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों के उत्पादन के साथ ही उनका मंत्रालय हाईवे के किनारे अधिक पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। बाइट.......

*मैं आप सब से अनुरोध करूंगा कि अगर इसी प्रकार से प्रदूषण बढ़ता रहेगा तो हमारेजीवन के दस दस साल कम हो सकते हैं। पर्यावरण की रक्षा करना हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है। हमारे ऊपर ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री को तो ज्यादा जिम्मेदारी है। इसलिए अल्टरनेटिव फ्यूल और बायोफ्यूल को लाकर ट्रांसपोर्ट सेक्टर को प्रदूषण से मुक्त करना और जो भी प्रदूषण हो रहा है उसमें रोड पर पेड़ लगाकर और हम ट्री बैंक बनाएंगे एनएचआई की।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज मेरठ में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में कांवड़ यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था,चिकित्सा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति समेत अन्य सेवाओं से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। बाइट.....

*दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के जो संबंधित मंडल और जिले के लोग थे और जो संबंधित डिपार्टमेंट है उनके साथ की ये बैठक और फोर्स के डिप्लॉयमेंट से लेकर रास्ते में जो सैनिटेशन और जो कांवड़ यात्री हैं उनको फैसिलिटेट करने के लिए पानी के पीने की अच्छी व्यवस्था हो, सफाई की व्यवस्था हो और उनके खाने की व्यवस्था हो। जो स्वच्छता के साथ चाहे वो शिविर लगे या जो होटल हो या जो वेंडर्स हों, उनके यहां अच्छी व्यवस्था रहे।*

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कांवड़ मार्ग पर ड्रोन निगरानी, रूट डायवर्जन और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बिजली के तारों की चपेट में आने की दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कांवड़ मानक के अनुसार 10 फीट से अधिक ऊंची और 12 फुट से ज्यादा चौड़ी नहीं होनी चाहिए।

———————

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया ने आज गाज़ियाबाद में अस्मिता खेलो इंडिया 2025–26 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने खेल बजट में चार गुना बढ़ोत्तरी की है। बाइट.........

*मोदी जी के नेतृत्व में देश में स्पोट्‌र्स कल्चर डेवलप हो रहा है। देश के एथलीट खेलो इंडिया के द्वारा टॉप स्कीम के द्वारा अस्मिता के द्वारा टैलेंट को नर्चर करके उसको आगे बढ़ाया जा रहा है। देश के विविध क्षेत्र ऐसी टैलेंट को आइडेंटिफाई करके उसको नर्चर करने का उन्होंने जो व्यवस्था खड़ी की है उसको देखते हुए मैं इतना आवश्यक कह पाऊंगा की आने वाले दिनों में वेट लिफ्टिंग में भी भारत ओलंपिक्स में अच्छा परफॉर्मेंस करेगा और देश को गौरव दिलाएगा।*

———————

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बैंको को निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन–धन खातों को बंद करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि निष्क्रिय जन–धन खातों पर नज़र रखी जाती है और बैंको को खाताधारकों को खाते को सक्रिए करने के लिए संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

—————————

भारतीय हज समिति ने हज यात्रा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक तीर्थयात्री अपने आवेदन आधिकारिक हज पोर्टल या हज सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक किए जा सकते हैं।

—————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए राज्य के पश्चिमी जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)